**समय : २.३० घंटा.** **कक्षा : दसवीं ।** **विषय : तृतीय भाषा हिन्दी [61-H]** **कुल अंक : ८०.**

**खंड - " क " [ गद्य,पद्य और पूरक वाचन ]**

**I. निम्न प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।** **6X1=6**

1. गिलहरी की समाधि कहाँ बनायी गयी ?
2. अब्दुल कलाम जी के बचपन में दुर्लभ वस्तु क्या थी ?
3. लेखक दूसरे दर्जे में क्यों सफ़र करना चाहते थे ?
4. सिंगफो आदिवासी कहाँ रहते थे ?
5. 'महिला की साहस गाथा' पाठ से हमें किस आदर्श गुण की सीख मिलती है ?
6. तुलसीदास जी ने संत लोगों की तुलना किस पक्षी के साथ किया है ?

**II. 7. स्तंभ 'क' भाग के वाक्यांशों के साथ स्तंभ 'ख' भाग के सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए ।** **4X1=4**

| 'क' भाग | 'ख' भाग |
|---|---|
| अ) फल-फूलों से | – i. बहुत बड़ा वरदान है । |
| आ) इंटरनेट समाज के लिए | – ii. खूब स्वागत हुआ । |
| इ) स्टेशन पर मेरा | – iii. पूर्वोत्तर भारत में है । |
| ई) समय ईश का दिया हुआ | – iv. युत वन-उपवन है । |
| | – v. अनुपम धन है । |
| | – vi. भरा हुआ था । |
| | – vii. सुख संपत्ति धन-धाम । |

**III. प्रथम दो पदों से सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे पद से संबंधित अनुरूप शब्द लिखिए ।** **4X1=4**

8. चार आना : पच्चीस पैसे : : अठन्नी : ________________।
9. पंडित राजकिशोर : किशनगंज : : बसंत : ________________।
10. शेर : गुफ़ा : : बंदर : ________________।
11. बलभद्र : बलराम : : जसोदा : ________________।

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दो - तीन वाक्य में लिखिए ।** **11X2=22**

12. महादेवी वर्मा जी को चौंकाने के लिए गिल्लू कहाँ- कहाँ छिप जाता था ?
13. आशियम्मा जी अब्दुल कलाम को खाने में क्या-क्या देती थीं ?
14. एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बिचेंद्री ने क्या किया ?
15. बालकृष्ण अपनी माता से क्या-क्या शिकायतें करता है ?
16. कलेक्टर साहब ने ' बाल शक्ति ' टोली को पाँच हजार रुपए का इनाम क्यों दिया?
17. दूकानदार ने प्रेमचंद से क्या कहा ?
18. " वीडियो कॉन्फरेन्स " का आशय क्या है ?
19. कवि ' सियाराम शरण गुप्त ' के अनुसार समय का सदुपयोग से क्या तात्पर्य है ?
20. भारत माँ के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ?

21. शनि किसका पुत्र है ? शनैःश्चर का अर्थ क्या है ? अथवा शनि ग्रह का निर्माण किस प्रकार हुआ हैं ?

22. महात्मा गांधी जी ने सत्य के बारे में क्या कहा है ? अथवा कार्यशिबिर में कौन-कौनसा कार्यक्रम आयोजित था ?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर तीन - चार वाक्य में लिखिए ।** **4X3=12**

23. बसंत की ईमानदारी का परिचय दीजिए ।

24. रोबोट के बारे में आप क्या जानते हैं ।

25. ' रामधारी सिंह दिनकर ' के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

**26. निम्नलिखित दोहे का भाव अपने शब्दों में लिखिए ।**

तुलसी साथी विपत्ति के विद्या, विनय, विवेक ।
साहस, सुकृति, सुसत्यव्रत, राम भरोसे एक ॥

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर चार - पाँच वाक्य में लिखिए ।** **2X4=8**

27. कर्नाटक की शिल्पकला अनोखी है, स्पष्ट कीजिए । अथवा
कन्नड़ भाषा तथा संस्कृति को कर्नाटक के साहित्यकारों की देन क्या हैं ?

**28. निम्नलिखित पद्यांश पूर्ण कीजिए ।**

असफलता ------------------- दया धर्म----------------------------- ।

------------------------- करो या -------------------------------प्राण ॥

--------------------------

--------------------- भागो तुम ।

## खंड - " ख " [ व्याकरण ]

**VII. निम्नलिखित प्रश्नों के चार-चार बहुविकल्पीय उत्तर दिए गए हैं ; उनमें से सही उत्तर चुनकर लिखिए । 1X8=8**

29. निम्न में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है :

A. दिखाना । B. दिखना । C. देख । D. दिखवाना ।

30. ' जलाशय ' शब्द में संधि है:

A. अयादि संधि । B. दीर्घ संधि । C. गुण संधि । D. वृद्धि संधि ।

31. ' पौ फटना ' मुहावरे का अर्थ है:

A. भाग जाना । B. क्रोधित होना । C. प्रभात होना । D. सत्य प्रकट होना।

32. ' सुख-दुख ' शब्द में समास है :

A. तत्पुरुष समास । B. कर्मधारय समास । C. बहुव्रीही समास । D. द्वंद्व समास ।

33. ' अमीर ' शब्द का विरुद्धार्थक शब्द है :

A. गरीब । B. भिकारी । C. भिक्षुक । D. रक्षक ।

34. निन्म में से बहुवचन शब्द है:

A. माला । B. मालाओं । C. मालाएँ । D. मालों ।

35. ' लेखक ' शब्द का अन्य लिंग रूप है :

A. पंडिताइन । B. लेखिका । C. कवयित्री । D. महिला ।

36. आप कहाँ से आए हो ? वाक्य में प्रयुक्त विराम चिन्ह है :

A. पूर्ण विराम । B. अल्पविराम । C. प्रश्नवाचक । D.विस्मयादि बोधक ।

**खंड " ग " [ रचना -अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्रलेखन और निबंध ]**

**VIII. 37. गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर निम्न प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।** **1X4=4**

किसी भी राष्ट्र के सांस्कृतिक जीवन में त्योहारों का महत्वपूर्ण स्थान हैं । हिंदुओं के पर्वों में दीपावली का पर्व अत्यंत विशिष्ट है । यह त्योहार पवित्रता और उल्लास का प्रतीक हैं । दीपावली का अर्थ है :- दोंपों की आवली या पंक्ति । इस त्योहार के पीछे भी एक पौराणिक घटना जुडी हुई है । भगवान श्री राम इसी दिन रावण का वध करके पत्नी सीता और छोटे भाई लक्ष्मण के साथ चौदह वर्ष का वनवास समाप्त करके अयोंध्या आये थे । इसलिए अयोध्या वासियों ने इस अवसर पर अपने घरों पर दीप-मालाएँ जलायी थीं ।

क) दीपावली का अर्थ क्या है ?

ख) दीपावली किसका प्रतीक हैं ?

ग) राम और लक्ष्मण कितने वर्ष का वनवास पूरा करके अयोध्या आये ?

घ) रावण का वध किसने किया ?

**IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए ।** **4X1=4**

38. गिल्लू मेरे पास रखी सुराही पर लेट जाता था।

39. वचनकार बसवण्णा एक क्रांतिकारी समाज सुधारक थे ।

40. तालाब में एक बहुत बड़ी मछली तैर रही थी ।

41. इंटरनेट आधुनिक जीवन शैली का महत्वपूर्ण अंग बन गया है ।

**X. 42. किसी कारण बताते हुए अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को तीन दिन की छुट्टी के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए ।**

**अथवा** **1X4=4**

**अपने विद्यालय में आयोजित शैक्षिक यात्रा जाने के लिए हजार रुपए माँगते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए ।**

**XI. 43. निम्न में से किसी एक विषय पर 10-15 पंक्तियों में एक निबंध लिखिए ।** **1X4=4**

**क) इंटरनेट ।**

* विषय प्रवेश
* लाभ और हानियाँ
* निष्कर्ष

**ख) स्वच्छता अभियान ।**

* विषय प्रवेश
* स्वच्छता अभियान के औचित्य
* उपसंहार

**ग) राष्ट्रीय त्योहार ।**

* विषय प्रवेश
* विषय विस्तार
* उपसंहार

************************